बरेली, रविवार
29 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22+6=28

दैनिक जागरण

PAGE NO : 05 TOP

थिएटर फेस्टिवल : रिद्धिमा कला केंद्र में सात दिवसीय थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष-3 में नाटक मंचन सायं चार बजे।

PAGE NO : 12 BOTTOM

अद्भुत बालक का जन्म, पंडित देखकर भौचक्क

जागरण संवाददाता, बरेली: सामने दो लोग सफेद कपड़े पहने सिर पर टोपी लगाकर बैठे हैं। दोनों के बीच किस्सागोई चल रही है। एक बोलता है तो दूसरा चुप हो जाता। वे बता रहे हैं बालक (गुरुनानक) का जन्म हो चुका है, पर पिता कालू मेहता खुश होने के बजाए काफी चिंतित मुद्रा में हैं। लोग चर्चा कर रहे हैं अद्भुत बालक पैदा हुआ। घर पहुंचे गांव के पंडित बाल नानक को देखकर भौचक्के हैं। पर्दे पर फिर से टिमटिमाती नीली रोशनी के साथ अंधेरा छा गया। यह दृश्य है एसआरएमएस रिद्धिमा प्रदर्शन एवं कला केंद्र में चल रहे इंद्रधनुष-3 थिएटर फेस्टिवल में हुए नाटक दास्तान-ए- गुरुनानक का।

कला केंद्र में आयोजित इंद्रधनुष-3 थिएटर फेस्टिवल के चौथे दिन शनिवार को कुलजीत सिंह द्वारा निर्देशित नाटक दास्तान-ए-गुरुनानक का मंचन हुआ। गुरुनानक के दिव्य संदेश को गायकी और किस्सागोई के माध्यम से प्रस्तुत किया। नानक के बाल्यकाल और उनके आचार व्यवहार व सत्संग से नाराज पिता के दिए निर्देशों का सुंदर वर्णन किया। नानक की गायों द्वारा किए किसान के नुकसान का हर्जाना गांव का जमींदार रायबुलार भरता है, जोकि नानक के सत्संग से काफी प्रभावित है। दिल्ली के एटेलियर थिएटर के कलाकार गौरव सूरी और उदित खट्टर ने दास्तान के माध्यम से लोगों को एकता, बराबरी और प्रेम का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तुलसी मठ के संरक्षक नीरज मिश्रा रहे। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, डा. महेंद्र सिंह बासु, आदित्य मूर्ति, सुभाष मेहरा, ऊषा गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नाटक दास्तान-ए- गुरु नानक का मंचन करते कलाकार ● सौजन्य रिद्धिमा

- **किस्सागोई से गुरुनानक के जन्म और दिव्य संदेशों का किया वर्णन**
- **एसआरएमएस में इंद्रधनुष-3 थिएटर फेस्टिवल में हुए नाटक**

इंद्रधनुष-3 थिएटर फेस्टिवल में रविवार को नाटक अधिरथी का मंचन होगा। पहला शो शाम चार बजे और दूसरा शाम 6:30 बजे होगा।